चोरी हुए डम्पर को बरामद किया, चालक गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कनवास पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए भीलवाड़ा से चोरी हुए डम्पर को बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि उसी अभियान के तहत् कनवास थाने के थानाधिकारी अनूप सिंह ने मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए डम्पर सहित चालक जिला मेवात हरियाणा के सादीपुर निवासी मोहम्मद एजाज (25) को गिरफ्तार किया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान मामले में सामने आया कि उक्त डम्पर को जिला भीलवाड़ा के थाना बिगोद बरूखेड़ा पेट्रोल पम्प जहाजपुर रोड़ से 31 जनवरी को चोरी किया गया था, जिसकी चोरी की रिपोर्ट थाना बिगोद में दर्ज हैं। पकड़े गये आरोपी चालक से अनुसंधान जारी है।

कार्यालय नगर निगम, कोटा राजस्थान
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल–कोटा

क्रमांक :– ननिको/वि0/2026/378–384 दिनांक :– 03.02.2026

–:: ई–निविदा संशोधन ::–

इस कार्यालय द्वारा जारी ई–निविदा सूचना क्रमांक ननिको वि0/21/2026/279–286 दिनांक 13.01.2026 हेतु जारी बिड डॉक्यूमेंट के पृष्ठ संख्या 5 पर अंकित शर्त संख्या 4 को Technical Eligibility Criteria के बिन्दु संख्या 19.3.(1) के अनुसार पढ़ा जावे।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

अधिशाषी अभियंता
नगर निगम कोटा

राज.संवाद/सी/25/19277

कार्यालय नगर निगम, कोटा, राजस्थान
क्रमांक-ननिकोटा/उपा.रा./2026/127-28 दिनांक- 30.01.26

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्रीमति शाहिन बानो पत्नी श्री मो. सलीम शहजादा, निवासी 586, भार्गव गली, सम्राट होटल के पीछे, नयापुरा, कोटा द्वारा नगर निगम कोटा की लघु यंत्रालय उपविधि 2010 के अनुसार ''लक्ष्मी आटा चक्की एण्ड मसाला उद्योग'' की अनुमति चाही गई है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक ''ए'' के प्रथम तल के कमरा नं. 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त राजस्व नगर निगम, कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा (राज.)

क्रमांक :– ननिको/निर्माण/2025–26/686–95 दिनांक : 30.01.2026

–: ई–निविदा सूचना :–

नगर निगम कोटा द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों के "A", "AA" श्रेणी एवं अन्य सरकारी/अर्द्धसरकारी विभागों में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगर निगम कोटा द्वारा कुल 03 कार्य हेतु ई–निविदा सूचना संख्या– 34/2025–26 से सम्बन्धित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, अनुमानित लागत, निविदा बैचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम कोटा की वेबसाइट www.kotamc.org, http/eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. DLB2526B1162
UBN No. DLB2526WSRC33051, DLB2526WSRC33052, DLB2526WSRC33053

अधिशाषी अभियंता
नगर निगम कोटा

राज.संवाद/सी/25/19280

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा
क्रमांक-3182 **जाहिर आम सूचना** दिनांक-06.02.26

आवास संख्या 3-ध-10 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री बशीर मोहम्मद पुत्र श्री हुसैन मोहम्मद को किया गया था। श्री बशीर मोहम्मद पुत्र श्री हुसैन मोहम्मद के निवेदन पर कल्पतरू योजना के अन्तर्गत उक्त आवास का हस्तांतरण दिनांक 23.07.1990 को श्री प्रशान्त मेहरोत्रा पुत्र श्री पी.एन. मेहरोत्रा को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री प्रशान्त मेहरोत्रा पुत्र श्री पी.एन. मेहरोत्रा द्वारा दिनांक 23.08.1990 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री प्रशान्त मेहरोत्रा पुत्र श्री पी.एन. मेहरोत्रा की मृत्यु दिनांक 23.09.2022 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री लविन मेहरोत्रा पुत्र स्व. श्री प्रशान्त मेहरोत्रा द्वारा उक्त आवास में निहीत अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हकत्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 09.12.2025 को श्रीमती सुनीता मेहरोत्रा पत्नी स्व. श्री प्रशान्त मेहरोत्रा के पक्ष में किया गया। श्रीमती सुनीता मेहरोत्रा पत्नी स्व. श्री प्रशान्त मेहरोत्रा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-ध-10 विज्ञान नगर, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (हकत्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (हकत्याग पत्र) के आधार पर श्रीमती सुनीता मेहरोत्रा पत्नी स्व. श्री प्रशान्त मेहरोत्रा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सुनीता मेहरोत्रा पत्नी स्व. श्री प्रशान्त मेहरोत्रा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन श्रीमती सुनीता मेहरोत्रा पत्नी स्व. श्री प्रशान्त मेहरोत्रा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर निगम कोटा (राज0)
पता :– सी0ए0डी0 सर्किल, दशहरा ग्राउण्ड, कोटा
ई–मेल :– nnkota@gmail.com व website :- www.Kotamc.org

क्रमांकः– ननिको/गौशाला अनु /2026/4784–90 दिनांकः– 30.01.2026

–:: ई–निविदा सूचना ::–

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, कोटा की बंधा गौशाला एवं कायन हाउस किशोरपुरा में गेहूँ की चापड़ आपूर्ति कार्य हेतु अनुमानित व्यय राशि रूपये 85.00 लाख की ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा में भाग लेने हेतु निर्धारित अमानत राशि, निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क निगम की वेबसाईड www.kotamc.org पर online जमा करवाया जाना है। ई–निविदा सूचना निगम वेबसाइट www.kotamc.org/ www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी तथा बिड प्रपत्र भी डाउनलोड किये जा सकते है और eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन ई–निविदा अपलोड की जा सकती है एवं निगम के कमंरा न0 237 में गौशाला अनुभागमें निविदा शुल्क, अमानत राशि व प्रोसेसिंग शुल्क की जमा रसीद एवं अपेक्षित दस्तावेज जमा किए जा सकते हैं। नियत समय तक प्राप्त ई–निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 17.02.2026 को ऑनलाईन खोली जावेगी।

NIB Code DLB2526B1079
UBN No DLB2526WSRC32811

उपायुक्त
नगर निगम कोटा

राज.संवाद/सी/25/19279

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा
क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2025/2051 **विज्ञप्ति** दिनांक : 5.2.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम मानपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना समृद्धि नगर विस्तार भूखण्ड संख्या 475 खसरा नं. 47 आवेदक/आवेदिका श्रीमती रूबीना बानो पत्नि श्री मोहम्मद आदिल कादरी निवासी म.नं. 16, दरोगाजी की गली, गोपाल बाड़ी, लाडपुरा कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 1666 दिनांक 21.09.2023 को त्रिलोक चन्द पुत्र श्री प्रभुलाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये मुख्तारआम सउद खान पुत्र श्री मेहमूद खान द्वारा रजि. विक्रय पत्र दिनांक 30.06.2025 को आवेदिक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्रीमती रूबीना बानो पत्नि श्री मोहम्मद आदिल कादरी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा
क्रमांक :- एफ-15/कृ.भू.रू./2026/2058 **विज्ञप्ति** दिनांक : 6.2.2026

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना लक्ष्मण विहार भूखण्ड संख्या 64 खसरा नं. 375 आवेदक/आवेदिका श्रीमती बादाम सैनी पत्नि स्व. श्री चेतराम सैनी निवासी म.नं. 64 लक्ष्मण विहार प्रथम कुन्हाडी कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 431 दिनांक 02.02.2013 को चेतराम सैनी पुत्र श्री गंगाधर सैनी के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी चेतराम सैनी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 12.05.2017 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नि बादाम सैनी, पुत्र गौरव सैनी, पुत्री याग्वाला सैनी है। वारिसान गौरव सैनी व याग्वाला सैनी द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 09.06.2023 को आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अतः श्रीमती बादाम सैनी पनि स्व. श्री चेतराम सैनी के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
सत्यमेव जयते
G20 भारत 2023 INDIA

विज्ञापन सं.: 45/2026

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, देश भर में माननीय सर्वोच्च न्यायालय / उच्च न्यायालयों / अधिकरणों / आयोगों / जिला न्यायालयों तथा अन्य न्यायिक निकायों के समक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का आवश्यकतानुसार एवं प्रकरण-आधारित विधिक प्रतिनिधित्व करने हेतु स्टैंडिंग काउंसिल (Standing Counsel) तथा पैनल अधिवक्ताओं (Panel Advocates) के पैनलीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड, शैक्षिणक योग्यताएँ, शुल्क संरचना तथा अन्य विवरण www.ugc.ac.in/tenders/jobs पर उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.03.2026 है।

सचिव, यूजीसी

CBC 21205/12/0014/2526

केडीए ने अपनी व्यवसायिक भूखंड योजना पर हुए अतिक्रमण को हटाया

- केडीए ने 35 करोड़ की जमीन से हटाया अतिक्रमण, कॉमर्शियल स्कीम पर जम गए थे अतिक्रमी

कोटा, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण की टीम ने शुक्रवार को एक बार फिर अतिक्रमण पर पीला पंजा चलाया है। इसमें बुलडोजर नांता इलाके की रामनगर पत्थर मंडी में चलाया है। यहां पर कोटा विकास प्राधिकरण (तत्कालीन नगर विकास न्यास) ने व्यवसायिक भूखंड की योजना काटी थी।

इसके अधिकांश भूखंड अलॉट कर दिए गए थे कुछ केडीए के पास भी है लेकिन अतिक्रमण के चलते लोग वहां पर निर्माण नहीं कर पा रहे थे। पैसा जमा करने के बावजूद भी उन्हें भूखंड नहीं मिला था। सालों से यह प्रॉब्लम चल रही थी। इसी से निजात दिलाने के लिए नगर विकास न्यास ने कार्रवाई की है। इसका विरोध भी कुछ लोगों ने किया। उनका कहना है कि जमीन का मुआवजा उन्हें नहीं मिला था लेकिन इस बार केडीए की टीम ने किसी की नहीं सुनी। भारी पुलिस जाप्ते के बीच अतिक्रमण हटा दिया।

केडीए के तहसीलदार सुरेंद्र शर्मा का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के बाद जिन लोगों को ये प्लॉट एलॉटेड थे उन्हें संभलवा दिए गए थे। पुलिस उप अधीक्षक द्वितीय डॉ. पूनम चौहान ने बताया कि लोगों ने यहां पर मकान बना लिए थे।

इसके अलावा सामान भी यहां पर रखे हुए थे। पहले लोगों को चेतावनी देकर सामानों को हटाया गया। इसके बाद उन्हें खाली करवाया गया है। यह शांतिपूर्वक कार्रवाई हुई है। इसमें पुलिस के जवानों के साथ-साथ आरएसी और होमगार्ड भी मौजूद रहे थे। साथ ही बुलडोजर से अवैध निर्माण को हटाया गया है।

अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान उपसचिव हर्षित वर्मा, तहसीलदार हिम्मत सिंह, पुलिस उपाधीक्षक द्वितीय डॉ.पूनम चौहान सहित चार थानों का जाप्ता मौजूद रहा। यहां तक कि पुलिस, आरएसी के जवान सहित करीब 100 से ज्यादा कार्मिक मौजूद रहे।तहसीलदार सुरेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि साल 2002 में रामनगर पत्थर मंडी में कोटा विकास प्राधिकरण ने स्कीम काटी थी। यह व्यावसायिक भूखंड काटे गए थे। जिनकी साइज 100 गुना 50 फीट है यानी 5000 स्क्वायर फीट का एक है।

यहां पत्थर मंडी बननी थी इनमें से अधिकांश भूखंड अलॉट हो गए हैं लेकिन 35 भूखंडों पर लोगों ने कब्जा कर लिया था। लोग वहां पर अपना व्यवसाय भी नहीं कर पा रहे थे।

इसीलिए लंबे समय से अतिक्रमण को हटाने की मांग चल रही थी। जब भी जाप्ता वहां पर जाता था तब लोग विरोध कर देते थे। ऐसे में यूआईटी सचिव मुकेश चौधरी ने पूरे मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने इस पूरे मामले में सख्त एक्शन करवाया है। जिसके बाद इस अतिक्रमण को हटवाया गया है। वर्तमान में इन भूखंडों की कीमत 35 करोड़ रुपए है।

हमले के पांच दोषियों को 7-7 साल की सजा सुनाई

कोटा, (निसं)। जानलेवा हमले के करीब आठ साल से अधिक पुराने मामले में डीजे न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये पांच आरोपियों को दोषी मानते हुए 7-7 साल की सजा सुनाई। लोक अभियोजक मनोज पुरी ने बताया कि फरियादी बच्छराज ने 3 सितम्बर 2014 को अयाना थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि बाईक से अपने बेटे को अयाना स्कूल में छोड़कर वापस प्रेमपुरा आते समय रास्ते में श्याम सरपंच के घर के समीप बनवारी, रमेश, टिंकू उर्फ जितेन्द्र, सुरेश, बबलु, मुकेश कुंदन अन्य सामने से आते हुए नजर आये। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि टिंकू, बनवारी, सुरेश के पास रिवाल्वर पिस्टल थी, अचानक से उन्होंने उस पर हमला कर दिया, हमले में गोली जांघ व छाती पर लगी थी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर जानलेवा हमले की धारा 307 सहित अन्य धाराओ में मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए बनवारी उर्फ बंटी, रमेश उर्फ राकेश, टिंकु उर्फ जितेन्द्र, बबलु उर्फ अरविन्द्र, सुरेश उर्फ लीलू को गिरफतार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान कर आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

महाशिवरात्रि पर बग्गी पर सवार होंगी दुल्हनें, निःशुल्क कन्या विवाह, भीतरिया कुंड में होंगे आयोजन

कोटा, (निसं)। श्री पंचमुखी सोमेश्वर सेवा समिति शिवपुरा की ओर से कोटा में इस साल भी भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

8 से 15 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रम इस दौरान आयोजित होंगे। इनमें निःशुल्क कन्या विवाह और रुद्र महायज्ञ का आयोजन करवाया जा रहा है। इस दौरान कालसर्प दोष, पितृ दोष शांति के लिए भी यज्ञ करवाया जाएगा।

समिति अध्यक्ष पार्षद जितेंद्र सिंह और संयोजक रविंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर समिति की ओर से हर साल निशुल्क कन्या विवाह का आयोजन करवाया जाता है। इस बार भी समिति फिर से 31 कन्याओं की जिम्मेदारी ले रही है। 8 फरवरी को धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। 15 फरवरी तक आयोजन चलेंगे, 15 फरवरी को गोधुली बेला में 31 जोड़ो का निःशुल्क विवाह का आयोजन होगा। जोड़े पूरे हो चुके है।

साथ ही भजन संध्या और आम भंडारे का आयोजन रखा गया है जिसमें हजारों की तादाद में भक्त शामिल होंगे। महामंत्री शंभु सोनी, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गौतम ने बताया कि आठ फरवरी रविवार को ब्राह्मण वरण, हवन, रूद्र यज्ञ, अरनी मंथन और देव पूजन हवन का आयोजन होगा। 9 फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

इसी दौरान कालसर्प दोष, पितृ दोष शांति यज्ञ का आयोजन होगा। पं.श्याम सुदंर गौतम ने बताया कि हवन के लिए शहरवासी समिति से संपर्क कर सकते हैं। 15 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहूति होगी और कन्या विवाह होगा। इस बार 31 जोड़े रजिस्टर्ड हुए हैं।

निःशुल्क विवाह के लिए जन्म प्रमाण पत्र मार्कशीट माता-पिता के एफिडेविट जरूरी रूप से शामिल किए है। साथ अगर किसी लड़की की मां पिता नहीं हो तो उनको रजिस्ट्रेशन में पहले प्राथमिकता दी गई है। विवाह में समिति की ओर से घरेलू सामान लेकर आशीर्वाद दिया जाएगा।

बग्गी पर सवार होंगी दुल्हनें:- 15 फरवरी को दोपहर 1 बजे दुल्हनों को बग्गी पर बैठाया जाएगा और शिवपुरा इलाके में बिंदोरी निकाली जाएगी, दूल्हे घोड़ी पर सवार होंगे। पुष्प वर्षा से उनका स्वागत किया जाएगा।

सहयोग दे सकते है शहरवासी:- समिति उपाध्यक्ष प्रदीप कसाना ने लोगों से अपील की है कि इस धार्मिक आयोजन में जो भी शहरवासी अपना सहयोग देना चाहते हैं वह समिति से संपर्क कर सकते है।

साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में इन बेटियों के विवाह में कुछ योगदान देना चाहते हैं तो 15 फरवरी को शाम को भीतरिया कुंड में उपस्थित होकर अपने हाथों से कन्याओं को उपहार या अपनी तरफ से जो योगदान देना चाहे आकर दे सकते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष भी देंगे वर वधु को आशीर्वाद:- सामूहिक विवाह सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला वर-वधु को आशीर्वाद देंगे। साथ ही राजेश बिरला, राजीव दत्ता, दीपक राजवंशी, चौन सिंह राठौर, संदीप शर्मा समेत गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

सम्मान समारोह आयोजित

कोटा, (निसं)। रेल सप्ताह के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल ने विभिन्न श्रेणियों में कुल 25 में से 11 दक्षता शील्ड अर्जित कर संगठनात्मक उत्कृष्टता का परिचय दिया है।

इस उपलब्धि के उपलक्ष में कोटा स्थित अधिकारी क्लब में सम्मान एवं उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा ने मंडल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा एवं टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने सेवा भावना के साथ कार्य करने, यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा बेहतर यात्री सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर एवं योगेश कुमार मित्तल ने भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में और अधिक प्रेरणा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस मौके पर कोटा मंडल रेलवे की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सुपर्णा सेन रॉय ने 'मेडिकल ऑन व्हील्स' सेवा सहित कोटा मंडल में चिकित्सा सुविधाओं के बेहतर संचालन के लिए सभी विभागों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे टीम-आधारित कार्य संस्कृति का उत्तम उदाहरण बताया।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा 70वें रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित कार्यक्रम में कोटा मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार, रेल सेवा पुरस्कार एवं दक्षता शील्ड प्रदान की गई। यह आयोजन उत्सव सामुदायिक भवन, मदनमहल, जबलपुर में संपन्न हुआ था। जहां महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे शोभना बंदोपाध्याय द्वारा चयनित कार्मिकों को सम्मानित किया गया।

कोटा महोत्सव 21 एवं 22 फरवरी को

कोटा, (निसं)। कोटा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 एवं 22 फरवरी को कोटा महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत 21 फरवरी को प्रातः गोदावरी धाम पर श्री गणेश वंदना से होगी, जिसमें गणेश आरती महाश्रृंगार और भजन गायन किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 10 बजे तिरंगा घाट चम्बल रिवर फ्रंट पर मास्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में शहर की प्रमुख होटलों के शेफ के बीच खाना बनाने की प्रतियोगिता होगी। 21 फरवरी को नंदी घाट पर प्रातः 10 बजे से फोटो कॉन्टेस्ट एवं एग्जीबिशन होगी। फोटो कॉन्टेस्ट में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों, दर्शनीय स्थलों एवं वन्य जीवन की फोटो शामिल की जाएंगी। इसके विजेताओं की फोटो प्रदर्शनी में भी लगाई जाएगी। इसी दिन राजपूताना घाट चम्बल रिवर फ्रंट पर दीदी रो हाट प्रदर्शनी के तहत विभिन्न उत्पादों की स्टॉल लगाई जाएंगी। घंटी घाट पर प्रातः 10 बजे से यंग इंडिया करियर फेयर में प्रमुख स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार से जोडा जाएगा और नवाचारों की प्रदर्शनी होगी। नंदी घाट पर पेंटिंग वर्कशॉप लोक कला के रंग में हाड़ौती क्षेत्र के चित्रकारों की हैंड पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगेगी। प्रातः 11 से सायं 6 बजे के बीच किशोर सागर तालाब पर फ्लावर शो आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को होगा। 21 एवं 22 फरवरी दोनों दिन सायं 6 से 7 बजे तक किशोर सागर तालाब पर पुलिस, आर्मी एवं आरएसी द्वारा बेंड वादन किया जाएगा।

पोस्टर का विमोचन

बूंदी (निसं)। लंका गेट रोड स्थित हनुमान धर्मशाला हनुमान मंदिर पर सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ महायज्ञ एवम् 300 कन्या विवाह सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। श्री बागेश्वर धाम सुंदरकांड मंडल बूंदी प्रभारी बंटी गौतम ने बागेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ महायज्ञ एवम् 300 कन्या विवाह सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बागेश्वर धाम का सुंदरकांड मंडल और साधु संतों का कमंडल, भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएगा।

सार-समाचार

नंदिनी ने यूजीसी जेआरएफ और असिटेंट प्रोफेसर ने लिए क्वालीफाई किया

रावतभाटा, (निसं)। रावतभाटा नगर की होनहार बेटी नंदिनी लाहोटी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। नंदिनी ने यूजीसी एवं नेट दिसंबर 2025 परीक्षा में मनोविज्ञान विषय से 99.9955115 पर्सेंटाइल प्राप्त कर जूनियर रिसर्च फैलेशिप एवं असिटेंट प्रोफेसर के लिए क्वालिफाई किया है। नंदिनी ने कुल 300 में से 256 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस विषय में देशभर से 29,367 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें नंदिनी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल लाहोटी परिवार, बल्कि रावतभाटा नगर, जिला चित्तौड़गढ़ और पूरे राजस्थान के लिए गर्व का विषय है। नंदिनी की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों से भी राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं। नंदिनी लाहोटी, डॉ.मनीष लाहोटी एवं डॉ.नीतू लाहोटी की सुपुत्री हैं। उनके माता-पिता दोनों चिकित्सक हैं और उन्होंने शुरू से ही शिक्षा एवं अनुशासन को विशेष महत्व दिया। नंदिनी की यह सफलता कठोर परिश्रम, आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का परिणाम मानी जा रही है। नंदिनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर शिक्षा जगत, सामाजिक संगठनों और नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें एवं उनके माता-पिता को बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

छबड़ा (निसं)। कडैयावन प्रशासक (सरपंच) व किसान नेता धर्मा धाकड के नेतृत्व में बाइक रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में उन किसानों को उचित मुआवजा दिये जाने की मांग की, जिन्हें अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। राजकीय चिकित्सालय को पुराने भवन में ही बनाने, पुरानी सब्जी मंडी में पुनः मंडी संचालित किए जाने और आमजन के लिए सुखाड़िया पार्क को खोलने की मांग की। इससे पूर्व किसान धाकड के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य बाजार से बाइक रैली के साथ उपखण्ड कार्यालय पहुंचे थे। ज्ञापन में बताया कि यदि 23 फरवरी तक इन मांगों का कोई समाधान नहीं होता है, तो आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। यहां रामनरेश मीणा, रवि लोधा, नीलेश धाकड, अजय मालव, नवीन धाकड, पवन बौद्ध, दीपक त्यागी, बाबू लाल गुर्जर, लेखराज भील, महावीर नागर, गिर्राज सुमन, सरबत कंजर, अमित गालव, कश्मीर कंजर, गुलाबचंद, पानाचंद, रोसु आदि मौजूद थे।

विदाई समारोह संपन्न

कोटा, (निसं)। स्वर्गीय आनंद प्रकाश भार्गव की स्मृति में 1982 में स्थापित आनंद अकादमी सीनियर सैकंडरी स्कूल भीमगंजमंडी थाने के पीछे कोटा जंक्शन में शुक्रवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। आनंद अकादमी स्कूल के निदेशक आकाश भार्गव, व्यवस्थापक प्रदीप भार्गव ने बताया कि विद्यार्थियों ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना करके गुरुजनों को नमन करते हुए समारोह का आरंभ किया। विद्यार्थियों और स्टाफ को देहदानी नेत्रदानी स्वर्गीय अमिता भार्गव स्मृति संस्थान की ओर से भोजन प्रसादी कराई गई व 12वीं कक्षा के समस्त विद्यार्थियों को मिनाली भार्गव, विजयलक्ष्मी सारस्वत, निर्मला शर्मा, मिथिलेश शर्मा, कुमुद शर्मा, तूलिका सारस्वत, लायशा भार्गव व अन्य गुरुजनों के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

कोटा, (निसं)। सकल हिन्दू समाज आयोजन समिति महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर नम्बर 4, 5, 6, 7 चित्रगुप्ता कॉलोनी, सन्तोषी नगर, गणेश तालाब, आरएससी कॉलोनी कोटा महानगर के तत्वाधान में 8 फरवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी श्याम मनोहर हरित ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन के अवसर पर महिलाएं कलश यात्रा रामेश्वर पार्क से निकालेगी जो तीन बत्ती से होकर सुभाष सर्किल होते हुए कार्यक्रम स्थल सिंघाड़ा पार्क तक जायेगी तथा इस यात्रा के साथ पुरुष हाथों में सनातनी ध्वज लेकर चलेंगे।